XZ-104

B.A. Sem. IV
April-2013

HINDI (CC-213)

मध्यकालीन हिन्दी कविता
(सगुण भक्ति और रीति काव्य)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (१) किसी भी प्रश्न के सभी विभागों के उत्तर एक साथ लिखें ।
(२) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में न लिखकर पूरे वाक्य में लिखें ।

१. (अ) सगुण भक्ति का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । ७

अथवा

रामभक्ति काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।

(आ) कृष्णभक्ति काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । ७

अथवा

अष्टछाप के कवियों का संक्षेप में परिचय दीजिए ।

२. (अ) रीतिकाल की विभिन्न परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए । ७

अथवा

रीतिकाल की सामान्य विशेषताओं का परिचय दीजिए ।

(आ) "सूरदास की कविता में वियोग श्रृंगार और वात्सल्य का सुन्दर चित्रण है ।" – स्पष्ट कीजिए । ७

अथवा

"बिहारी के काव्य में श्रृंगार, भक्ति और नीति का समन्वय है ।" – सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

३. (अ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । ८

(१) ऐसो को उदार जग माहीं ।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं ।।
जो गति जोग विराग जतन करि नहिं पावत मुनि ज्ञानी ।

अथवा

दूलह राम, सिय दुलही री ।
घन दामिनि बर बरन, हरन-मन सुंदरता नख सिख निबही री ।।
ब्याह-बिभूषण-बसन विभूषित, सखि-अवली लखि ठगि सी रही री ।।

(२) उधौ ! मन नाहीं दस बीस ।

एक हुतो सो गयो स्याम, सँग, को अवराधै ईस ।

भई अति सिथिल सबै माधव बिनु जथा देह बिन सीस ।

अथवा

कागद पर लिखत न बनत, कहत संदेसु लजात ।

कहिहै सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात ।।

(आ) संक्षेप में लिखिए : ८

(१) तुलसीदास

अथवा

रामचरितमानस

(२) मीराबाई

अथवा

सुदामा चरित

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में दीजिए : १२

(१) सगुण भक्ति धारा की कौन-कौन सी शाखाएँ हैं ?

(२) उत्तर मध्यकाल का समय किस संवत् से किस संवत् तक माना जाता है ?

(३) वल्लभाचार्य की आज्ञा से सूरदास कहाँ भजन कीर्तन करने लगे थे ?

(४) तुलसीदास का किन-किन भाषाओं पर समान अधिकार था ?

(५) बिहारी द्वारा रचित काव्यग्रंथ का नाम क्या है ?

(६) घनानंद किसके दरबार में 'मीर मुंशी' थे ?

५. सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : १४

(अ) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(१) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य को मुख्य _________ कालों में विभक्त किया है । (तीन, चार, पाँच)

(२) सूरदास की लोकप्रियता का आधार स्तंभ _________ है । (सूरसारावली, साहित्य लहरी, सूरसागर)

(३) तुलसीदास _________ कवि थे । (रामभक्त, कृष्णभक्त, शिवभक्त)

(४) रीतिकालीन काव्य की _________ काव्यधारा में बिहारी का सर्वश्रेष्ठ स्थान है । (रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध, रीतिमुक्त)

(५) 'रामचंद्रिका' की रचना _________ ने की है ।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों में सही वाक्य के सामने सही (√) और गलत वाक्य के सामने गलत (×) का निशान लगाइए :

(१) सूरदास पुष्टिमार्ग के अनुयायी थे ।

(२) तुलसीदास का विवाह रत्नावली से हुआ था ।

(३) बिहारी आमेर के राजा मानसिंह के दरबारी कवि थे ।

(४) घनानन्द भक्तिकाल के कवि थे ।

(५) केशव रीतिकालीन रीतिमुक्त कवि थे ।

(इ) उचित जोड़े मिलाइए :

क	ख
(१) भँवरगीत	(१) घनानंद
(२) कवितावली	(२) सूरदास
(३) सुजानहित	(३) केशव
(४) कविप्रिया	(४) तुलसीदास
	(५) नंददास